| Roll No. | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 60 + 14 = 74 ] [ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16

Total No. of Questions : 60 + 14 = 74 ] [ Total No. of Printed Pages : 16

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H** ವಿಷಯ : **ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ**

# Code No. : 85-H Subject : SOCIAL SCIENCE

( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )

ದಿನಾಂಕ : 02. 04. 2009 ] [ Date : 02. 04. 2009

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

## FOR OFFICE USE ONLY

**PART – A**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | | 21. | | 31. | | 41. | | 51. | |
| 2. | | 12. | | 22. | | 32. | | 42. | | 52. | |
| 3. | | 13. | | 23. | | 33. | | 43. | | 53. | |
| 4. | | 14. | | 24. | | 34. | | 44. | | 54. | |
| 5. | | 15. | | 25. | | 35. | | 45. | | 55. | |
| 6. | | 16. | | 26. | | 36. | | 46. | | 56. | |
| 7. | | 17. | | 27. | | 37. | | 47. | | 57. | |
| 8. | | 18. | | 28. | | 38. | | 48. | | 58. | |
| 9. | | 19. | | 29. | | 39. | | 49. | | 59. | |
| 10. | | 20. | | 30. | | 40. | | 50. | | 60. | |

***Total Marks of Part – A***

**PART – B**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. | | 64. | | 67. | | 70. | | 73. | |
| 62. | | 65. | | 68. | | 71. | | 74. | |
| 63. | | 66. | | 69. | | 72. | | × | × |

***Total Marks of Part – B***

| **Total Marks in words** | | **Grand Total** | |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | ✓ | ✓ |
| 2. ✓ | | | |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका के दो विभाग **Part - A** एवं **Part - B** हैं ।

ii) **Part - A** में 60 प्रश्न एवं **Part - B** में 14 प्रश्न हैं ।

iii) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर हेतु स्थान दिये गये हैं ।

iv) **Part - A** के निर्देशों का पालन करते हुए प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये स्थान पर पूर्ण रूप से लिखिए ।

v) **Part - B** के प्रत्येक प्रश्न हेतु पर्याप्त स्थान दिये गये हैं । प्रश्नों के उत्तर प्रदत्त रिक्त स्थान में ही कीजिए ।

## PART - A

नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न / अपूर्ण वाक्यांश के लिए **चार** विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक सही अथवा सर्वथा उपयुक्त है । सही विकल्प का चयन करते हुए उसे उत्तर के लिए निर्धारित स्थान पर लिखें : $60 \times 1 = 60$

1. भारत में पुर्तगालों के शासन को मजबूत बनाया गया

(A) वास्को–द–गामा द्वारा (B) अलमिडा द्वारा

(C) बार्थोलोम्यू द्वारा (D) अल्फांसो–द–अलब्यूक्यूर्क द्वारा ।

उत्तर : ____________________

2. वांडीवाश के युद्ध में फ्रांसीसी किस अंग्रेज कमाण्डर द्वारा हराए गए ?

(A) नेल्सन (B) आयर कूट

(C) हैवलॉक (D) जॉन निकोल्सन ।

उत्तर : ____________________

3. 1857 के विद्रोह में नाना साहब कानपुर से लड़े थे जबकि बेगम हजरत महल लड़ी थीं

(A) लखनऊ से (B) झांसी से

(C) मेरठ से (D) बैरकपुर से ।

उत्तर : ____________________

4. ब्रिटिश काल में 'महल' क्या था ?

(A) जिला (B) राज्य

(C) तालुक (D) राजभवन ।

उत्तर : ____________________

5. प्रथम कन्नड़ समाचार पत्र मिशनरी मोएगलिंग ( missionary Moegling ) प्रकाशित किया गया, जो है

(A) अमृत बाजार पत्रिका (B) मंगलुरु समाचार

(C) द हिन्दू (D) सुबोध पत्रिका ।

उत्तर : ____________________

6. भारत में सब ऋतुओं के लायक ट्रंक रोड बनवाने की योजना का उत्तरदायी कौन था ?

(A) डलहौजी (B) मनरो

(C) विलियम बेंटिंक (D) कर्ज़न ।

उत्तर : ____________________

7. सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा जिस राज्य के खिलाफ 'पुलिस कार्रवाई' की गई, वह है

(A) जूनागढ़ (B) जम्मू और काश्मीर

(C) मैसूर (D) हैदराबाद ।

उत्तर : ______________________________

8. मैसूर राज्य अस्तित्व में आया

(A) 1 नवम्बर, 1956 को (B) 14 अगस्त, 1947 को

(C) 1 नवम्बर, 1973 को (D) 15 अगस्त, 1947 को ।

उत्तर : ______________________________

9. आस्ट्रिया के सिंहासनाशीन राजकुमार की हत्या कहाँ हुई ?

(A) कॉन्स्टैन्टिनोपूल में (B) साराजेवो में

(C) पेरिस में (D) फ्लोरेंस में ।

उत्तर : ______________________________

10. किसी देश में लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है

(A) लोगों की शिक्षा पर (B) लोगों के संगठन पर

(C) लोगों के धन पर (D) लोगों के स्वास्थ्य पर ।

उत्तर : ______________________________

11. यूरोपीय समुदाय की वर्तमान मुद्रा व्यवस्था है

(A) रुपया (B) पौंड

(C) डॉलर (D) यूरो ।

उत्तर : ______________________________

12. राष्ट्रों का वह समूह जो न पूँजीवादी देशों के साथ है और न कम्यूनिस्ट ( समाजवादी ) देशों के साथ, कहलाता है

(A) आणविक दुनिया (B) पुरानी दुनिया

(C) नई दुनिया (D) तीसरी दुनिया ।

उत्तर : ______________________________

13. हिमालय की सर्वोच्च पर्वत श्रृंखला है

(A) हिमाद्रि (B) हिमाचल

(C) शिवालिक (D) विंध्य ।

उत्तर : ______________________________

14. चंदन के वृक्ष पाए जाते हैं

(A) कछार वनस्पति वनों ( Mangrove forests ) में

(B) सदाबहार वनों ( Evergreen forests ) में

(C) पतझड़ वनों ( Deciduous forests ) में

(D) कांटे और झाड़ीदार वनों ( Thorn and Shrub forests ) में ।

उत्तर : ______________________________

15. एल्यूमीनियम उत्पादन में प्रयुक्त कच्चा माल है

(A) मैंगनीज

(B) बॉक्साइट

(C) हेमेटाइट

(D) मैग्नेटाइट ।

उत्तर : ______________________________

16. दिल्ली के निकट स्थित गुड़गाँव शोध केन्द्र में शोध किया जाता है

(A) पवन ऊर्जा पर

(B) सौर ऊर्जा पर

(C) जल ऊर्जा पर

(D) ताप ऊर्जा पर ।

उत्तर : ______________________________

17. भारत मुख्य रूप से लौह अयस्क का निर्यात करता है

(A) चीन को

(B) ईरान को

(C) जापान को

(D) इटली को ।

उत्तर : ______________________________

18. टोकरी बनाना कुटीर उद्योग का उत्पाद है जबकि बिजली का पंखा बनाना उत्पाद है

(A) लघु उद्योग का

(B) मध्यम उद्योग का

(C) वृहत् उद्योग का

(D) विशेष उद्योग का ।

उत्तर : ______________________________

19. कुटीर उद्योगों में वस्तुएँ किनकी माँग को पूरा करने के लिए उत्पादित की जाती हैं ?

(A) राष्ट्रीय बाजार की

(B) राज्य बाजार की

(C) स्थानीय बाजार की

(D) अन्तरराष्ट्रीय बाजार की ।

उत्तर : ______________________________

20. भारत का आयात और निर्यात मुख्यत: किनके जरिए होता है ?

(A) सड़क परिवहन द्वारा (B) समुद्र पथ द्वारा

(C) रेलवे द्वारा (D) हवाई मार्ग द्वारा ।

उत्तर : ____________________

21. सबसे पहले हैदराबाद के निजाम ने कौन-सी नीति अपनाई ?

(A) भर्ती नीति (B) मुक्त व्यापार नीति

(C) सहायक मैत्री नीति (D) राज्य-अपहरण नीति ।

उत्तर : ____________________

22. मैसूर के वाडेयरों में 'आधुनिक मैसूर का निर्माता' किसे कहा जाता है ?

(A) नरसराज वाडेयर को (B) कृष्णराज वाडेयर चतुर्थ को

(C) राजा वाडेयर को (D) चिक्कदेवराज वाडेयर को ।

उत्तर : ____________________

23. किसने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा देकर हिन्दू समाज के बुनियादी विचारों के आधार पर सुधार करना चाहा ?

(A) आत्माराम पांडुरंग ने (B) दयानंद सरस्वती ने

(C) राजा राममोहन राय ने (D) स्वामी विवेकानंद ने ।

उत्तर : ____________________

24. ज्योतिराव फूले के मतानुसार, शोषण समाप्त करने वाले और समाज को उन्नत करने वाले हथियारों में सर्वोत्तम कौन है ?

(A) श्रमिक संघ आन्दोलन (B) दलितों / पिछड़ों को आरक्षण देना

(C) शिक्षा का प्रबंध करना (D) विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करना ।

उत्तर : ____________________

25. मुधोल राज्य के हलागली के बेदों को अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने का कौन-सा अधिनियम था ?

(A) रेग्यूलेटिंग एक्ट (B) आर्म्स एक्ट

(C) एनलिस्टमेंट एक्ट (D) वर्नाक्यूलर एक्ट ।

उत्तर : ____________________

26. सरदार वल्लभभाई पटेल को 'भारत का लौह पुरुष' क्यों कहा गया ?

(A) भारत के गृहमंत्री होने के लिए

(B) जूनागढ़ को भारतीय संघ में मिलाने के लिए

(C) देशी रियासतों को भारतीय गणराज्य में मिलाने के लिए

(D) शासकों को 'प्रीवी पर्स' देना स्वीकार करने के लिए ।

उत्तर : ____________________

27. माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन में 'आगे बढ़ो' की नीति लागू करने का क्या परिणाम हुआ ?

(A) किसानों में असंतोष

(B) अच्छी आर्थिक प्रगति

(C) सामूहिक खेती की शुरुआत

(D) निजी जोत की समाप्ति ।

उत्तर : ____________________

28. प्रथम विश्वयुद्ध के बाद स्थायी शांति स्थापन के लिए कौन-सा संस्थान स्थापित हुआ ?

(A) रेड क्रॉस सोसाइटी

(B) एमनेस्टी इंटरनेशनल

(C) लीग ऑफ नेशन्स

(D) संयुक्त राष्ट्र संघ ।

उत्तर : ____________________

29. आयुध-प्रतियोगिता ( Armament Race ) का तात्पर्य है

(A) राष्ट्रों के मध्य आपसी संदेह

(B) सेना को सुदृढ़ एवं युद्ध मशीनरियों को आधुनिक बनाना

(C) शस्त्रों को इकट्ठा करना

(D) आधुनिक शस्त्रों की स्पर्द्धा ।

उत्तर : ____________________

30. 'शीतयुद्ध' का आशय है

(A) अंध राष्ट्रवाद

(B) आयुध-प्रतियोगिता

(C) गुप्त समझौता

(D) दो शक्ति गुटों में नीतिगत अंतर ।

उत्तर : ____________________

31. संयुक्त राष्ट्र संघ के किस निकाय में इसके सभी सदस्य हैं ?

(A) सुरक्षा परिषद

(B) आर्थिक और सामाजिक परिषद

(C) महासभा

(D) ट्रस्टीशिप कौंसिल ।

उत्तर : ____________________

32. सुरक्षा परिषद में 'वीटो' का अधिकार किसके पास होता है ?

(A) अस्थायी सदस्यों के पास
(B) स्थायी सदस्यों के पास
(C) मनोनीत सदस्यों के पास
(D) नियुक्त सदस्यों के पास ।

उत्तर : ______________________________

33. विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि है

(A) महामारियों का अंत
(B) गरीबी उन्मूलन
(C) पर्यावरण संरक्षण
(D) चेचक उन्मूलन ।

उत्तर : ______________________________

34. एक व्यक्ति के अस्तित्व और विकास के लिए क्या जरूरी है ?

(A) मूल अधिकार
(B) जन्मजात अधिकार
(C) मानवाधिकार
(D) विशेषाधिकार ।

उत्तर : ______________________________

35. जातिगत वैषम्य और गुलामी के खिलाफ युद्ध छेड़ने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे ?

(A) जॉन एफ० केनेडी
(B) गाँधीजी
(C) नेल्सन मंडेला
(D) अब्राहम लिंकन ।

उत्तर : ______________________________

36. निम्नलिखित में से कौन मानव जाति के लिए सबसे खतरनाक है ?

(A) जैव हथियार
(B) रसायन
(C) आणविक हथियार
(D) प्रक्षेपणास्त्र ( Missiles ) ।

उत्तर : ______________________________

37. भारत को किस कारण 28 राज्यों, 1 केन्द्र शासित राजधानी और 6 केन्द्र संघ शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया है ?

(A) समुचित प्रशासन के लिए
(B) दीर्घ प्रशासन के लिए
(C) खराब प्रशासन के लिए
(D) अति सख्त प्रशासन के लिए ।

उत्तर : ______________________________

38. फेरेल नियम के अनुसार, दक्षिण-पूर्व व्यापारिक पवन, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून होता है

(A) उत्तर में निम्न दाब से
(B) दक्षिण में निम्न दाब से
(C) पूर्व में निम्न दाब से
(D) पश्चिम में उच्च दाब से ।

उत्तर : ____________________

39. कुटीर एवं लघु उद्योग भारतीय दशा के लिए अधिक उपयुक्त क्यों हैं ?

(A) इससे रोजगार मिलता है
(B) इसमें कम पूँजी की आवश्यकता होती है
(C) यह देशी संसाधनों पर निर्भर है
(D) इसमें कम बिजली की आवश्यकता होती है ।

उत्तर : ____________________

40. राष्ट्रीय उद्यान क्यों बनाए गए हैं ?

(A) वनों की रक्षा के लिए
(B) पक्षियों की रक्षा के लिए
(C) वन्य जीवों की रक्षा के लिए
(D) बाघों की रक्षा के लिए ।

उत्तर : ____________________

41. सागवान ( Teak ) और सखुआ ( Sal ) के पेड़ पतझड़ वनों में पाए जाने वाले जबकि सदाबहार वनों में पाए जाने वाले पेड़ हैं

(A) बेंत और ताड़
(B) कैक्टस और जंगली खजूर
(C) बबूल और कसावी
(D) एबोनी और महोगनी ।

उत्तर : ____________________

42. भारत में प्रचलित सिंचाई का मुख्य प्रकार कौन-सा है ?

(A) कूप सिंचाई
(B) जलाशय सिंचाई
(C) नहर सिंचाई
(D) टपकाव ( Drip ) सिंचाई ।

उत्तर : ____________________

43. क्यों पाइपलाइन तेल, प्राकृतिक गैस और खनिज तेल के परिवहन का सबसे सुविधाजनक माध्यम है ?

(A) इसमें स्थानांतरण का जोखिम नहीं है
(B) केवल बंदरगाहों से जुड़ा है
(C) यह विलंब और क्षति को रोकता है
(D) यह कम खर्चीला है ।

उत्तर : ____________________

44. विगत वर्षों में भारत में अन्त: जलमार्ग में गिरावट का कारण क्या है ?

(A) सड़क और रेल मार्ग समानांतर चल रहे हैं (B) हवाई मार्ग

(C) यह अधिक खर्चीला है (D) देर होती है ।

उत्तर : ____________________

45. प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को बचाने के लिए सरकार ने कौन से कदम उठाए हैं ?

(A) भारतीय खाद्य निगम की स्थापना (B) सहकारी समितियों की स्थापना

(C) फसल बीमा (D) जनता बाजार खोलना ।

उत्तर : ____________________

46. कुटीर और लघु उद्योगों को कौन-सी संस्था कर्ज मुहैया कर रही है ?

(A) राज्य वित्त निगम (B) भारतीय उद्योग विकास बैंक

(C) राष्ट्रीयकृत बैंक (D) भारतीय स्टेट बैंक ।

उत्तर : ____________________

47. कौन-सी वस्तु भारत का प्राचीन निर्यात में आती है ?

(A) चींट ( chintz ) वस्त्र (B) हीरे

(C) मसाले (D) मलमल वस्त्र ।

उत्तर : ____________________

48. सन् 1773 में पारित रेग्यूलेटिंग ऐक्ट की सबसे अधिक आवश्यकता थी

(A) प्रदेश विस्तार के लिए

(B) प्रशासन में दखल के लिए

(C) भारत पर शासन के लिए

(D) ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रशासन को व्यवस्थित करने के लिए ।

उत्तर : ____________________

49. 1935 में किस तरह की सरकार जो प्रांतीय स्तर पर असफल रही, केन्द्र में लागू की गयी ?

(A) जनतांत्रिक सरकार (B) राजतंत्र

(C) द्वैध शासन (D) समाजवादी सरकार ।

उत्तर : ____________________

50. एनी बेसेंट ने किस मकसद से 'सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज' की स्थापना की ?

(A) हिन्दू संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए (B) समता भाव के विकास के लिए

(C) भाईचारे की भावना विकसित करने के लिए (D) सह-अस्तित्व के लिए ।

उत्तर : ______________________________

51. संगोली रायन्ना ने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध जारी रखा क्योंकि वे

(A) शासक बनना चाहते थे

(B) अंग्रेजों को दण्ड देना चाहते थे

(C) कित्तूर पर फिर से कब्जा करना चाहते थे

(D) रानी चेन्नम्मा के दत्तक पुत्र को शासक के रूप में खड़ा करना चाहते थे ।

उत्तर : ______________________________

52. जम्मू और काश्मीर का अधिकृत हिस्सा कहलाता है

(A) आजाद काश्मीर (B) पाकिस्तान अधिकृत काश्मीर

(C) विशेष राज्य (D) अकाशिचीन ।

उत्तर : ______________________________

53. हम आज भी स्टालिन को क्यों याद करते हैं ?

(A) उनकी वार्षिक योजनाओं के लिए (B) निजी जोत के खात्मे के लिए

(C) पंचवर्षीय योजना लागू करने के लिए (D) सामूहिक खेती शुरू करवाने के लिए ।

उत्तर : ______________________________

54. इटली और जर्मनी के तानाशाह के रूप में प्रकट होने का कारण था

(A) प्रथम विश्वयुद्ध (B) सामाजिक असंतुलन

(C) अराजकता (D) आर्थिक संकट ।

उत्तर : ______________________________

55. मेईजी पुनरुद्धार के कारण जापान का विकास किस रूप में हुआ ?

(A) एक धनी औद्योगिक देश (B) एक धनी कृषिप्रधान राष्ट्र

(C) एक धनी कृषिकर्म राष्ट्र (D) एक पूर्ण शिक्षित लोगों का देश ।

उत्तर : ______________________________

56. 'कामनवेल्थ ऑफ नेशन्स' है

(A) यूरोपीय देशों का एक संस्थान

(B) नई अंग्रेजी उपनिवेशों का एक संगठन

(C) ब्रिटेन के पूर्व साम्राज्यवादी उपनिवेशों की एक संस्था

(D) इंग्लैण्ड का एक स्वैच्छिक संगठन ।

उत्तर : ____________________

57. उत्तरी भारत के मैदान को 'भारत का हृदय' क्यों कहा जाता है ?

(A) बारहमासी नदियों के कारण (B) समतल भूमि के कारण

(C) खेती के लिए उर्वरता के कारण (D) सिंचाई के लिए नहरों के कारण ।

उत्तर : ____________________

58. कार्ल मार्क्स के अनुसार, सामंती समस्या को दूर करने का एकमात्र उपाय था

(A) सर्वहारा वर्ग की तानाशाही (B) जार का शासन

(C) किसानों का शासन (D) आम जनता का शासन ।

उत्तर : ____________________

59. राष्ट्रसंघ ( League of Nations ) के असफल होने का कारण था

(A) यू० एस० ए० इसमें शामिल नहीं हुआ (B) बहुत से देश बाहर ही रहे

(C) राष्ट्रसंघ का अपना सैन्य दल नहीं था (D) नि:शस्त्रीकरण में असफलता ।

उत्तर : ____________________

60. चीन में 'मंचू' सल्तनत ने अंतिम शासन किया, क्योंकि

(A) इसके सम्राट कमजोर और अयोग्य थे

(B) इसके फ्रांस से व्यापारिक संबंध थे

(C) इंग्लैण्ड ने चीन को हरा दिया था

(D) यू० एस० ए० व्यापार का अधिकार पा लिया था ।

उत्तर : ____________________

## PART - B

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** वाक्यों में दीजिए : 6 × 2 = 12

61. डूप्ले कौन था ? उसकी क्या आकांक्षा थी ?

62. श्रीरंगपट्टन संधि की किन दो शर्तों ने टीपू सुल्तान के भविष्य को अंधकारमय कर दिया ?

63. बच्चों के हित के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित किन्हीं चार अधिकारों का उल्लेख करें ।

64. उत्पादन उद्योग क्या हैं ? उनके विभागों के नाम लिखिए ।

65. भारत के योजना आयोग के दो कार्य क्या हैं ?

66. सर एम० विश्वेश्वरैया के किन्हीं दो विकास मूलक कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** वाक्यों में दीजिए : $4 \times 3 = 12$

67. 1857 के विद्रोह की असफलता के कोई तीन कारणों की सूची बनाइए ।

68. संयुक्त राष्ट्र संघ के क्या उद्देश्य हैं ?

69. जीविकामूलक खेती, व्यावसायिक खेती और मिश्रित खेती क्या हैं ?

70. भारत के विदेश व्यापार की कोई तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **आठ** वाक्यों में दीजिए : $3 \times 4 = 12$

71. नरमदल किस तरह गरमदल से भिन्न थे ? नरमदलों की चार माँगें कौन-कौन सी थीं ?

72. गरीबी क्या है ? सरकार द्वारा गरीबी दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

73. कृषि में भारत पिछड़ा हुआ क्यों है ?

74. भारत का एक रेखा मानचित्र खींचिए और उस पर निम्नलिखित को दर्शाइए : 1 + 3 = 4

a) कावेरी नदी b) कोलकाता c) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्व देशांतर ।

**केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 74 के बदले )**

भारत के प्राकृतिक विभागों के नाम बताइए । तटीय समतल मैदान ( coastal plains ) का भारत के आर्थिक विकास में क्या योगदान है ? 4